

हकीकत — सड़क निर्माण और मरम्मत के दावों की जमीनी हकीकत, दिन में धूल और रात में गड्ढे वाहन चालकों के लिए बने परेशानी का सबब

# बारिश में उधड़ गईं शहर की सड़कें, प्रशासन की आंखों पर अब भी पर्दा



**कैंट 4 ब्रिज रोड–** बारिश के बाद सड़क कई जगह से उधड़ गई है। गड्ढों के बीच से गुजरते वाहन चालक हर दिन जोखिम उठा रहे हैं।



**तीसरे पुल के नीचे–** इस सड़क की हालत भी बारिश ने बिगाड़ दी है। उखड़ी डामर और जगह-जगह बने गड्ढे अब जिम्मेदारों की अनदेखी की तस्वीर दिखा रहे हैं।



**रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग प्लेटफॉर्म-6** यहां की सड़क बारिश की मार से उखड़ गई है। स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को गड्ढों के बीच से रास्ता तलाशना पड़ रहा है।



**क्राइस्ट चर्च गर्ल्स स्कूल के सामने–**सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। विद्यार्थियों और अभिभावकों को रोज इसी बदहाल रास्ते से गुजरना पड़ रहा है।

**नवभारत, जबलपुर।** बारिश ने शहर की सड़कों की पोल खोल दी है। कहीं डामर की परत उखड़ गई तो कहीं गहरे गड्ढे राह में खड़े हैं। प्रमुख मार्गों की यह हालत साफ बता रही है कि सड़क निर्माण और मरम्मत के दावों की जमीनी हकीकत क्या है। रोज इन रास्तों से गुजरने वाले लोग परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदारों की नजर अब तक इन बदहाल सड़कों पर नहीं पड़ी है। शहर की सड़कें अब सफर से ज्यादा सवाल बनती जा रही हैं। कहीं सड़कें उखड़ी पड़ी हैं तो कहीं गड्ढों ने राह रोक रखी है। बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं—दिन में धूल और रात में गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी बने हुए हैं। कई इलाकों में सड़क और गड्ढे के बीच फर्क करना मुश्किल हो गया है। जगह-जगह किए गए कार्य भी ज्यादा दिन टिक नहीं पा रहे और शहर की रफ्तार बदहाल सड़कों पर बार-बार थम रही है। रोज इन रास्तों से गुजरने वाले लोगों का सवाल सीधा है—आखिर कब सुधरेंगी शहर की सड़कें और कब आसान होगा जबलपुर का सफर?



**नागरथ चौक–** सड़क की सतह कई जगह खराब हो चुकी है। व्यस्त मार्ग होने के बावजूद मरम्मत को लेकर जिम्मेदार विभाग बेपरवाह नजर आ रहे हैं।



**कल्चरल स्ट्रीट–** सड़क भी बारिश के बाद बदहाल हो गई है। अब जरूरत सिर्फ निरीक्षण की नहीं, बल्कि जिम्मेदारों की आंख खोलने वाली तत्काल मरम्मत की है।



**तैयब अली रोड–** बारिश ने इस सड़क की परत उधेड़ दी है। कई हिस्सों में गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

## एक नजर में

### नेवले ने दहशत फैलाई

**जबलपुर।** कोतवाली थानांतर्गत दीक्षित पुरा निवासी प्रशांत राव के घर में रात आठ बजे अचानक रसोईघर में बर्तन खड़खड़ाते हुए जमीन पर गिर पड़े जिसके कारण वहां परिजनों में दहशत व्याप्त हो गई कमरे से लगातार भगदड़ जैसी आवाज आ रही थी जब परिजनों ने खिड़की से कमरे में झांक कर देखा तो गैस चूल्हे के पास एक नेवला बैठा देखकर वहां अफरा तफरी मच गई। बाद में तत्काल सर्प एवं वन्य जीव विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए नेवले को पकड़कर उसी क्षेत्र में छोड़ दिया। फिलहाल सभी ने राहत की सांस ली।

### गांजा तस्कर पकड़ाया

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बादशाह हलवाई मंदिर चंडी माता मंदिर के पास घेराबंदी कर पवन अहिरवार पिता स्व.गरीबदास अहिरवार 18 वर्ष निवासी चंडी माई मंदिर के पास बादशाह हलवाई मंदिर ग्वारीघाट को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 0.284 ग्राम गांजा कीमती लगभग 14 हजार 200 रूपये की जब्त की गई।

### शराबी पति करता है प्रताड़ित

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत घाना निवासी एक महिला शराबी पति की प्रताड़ना से तंग आ गई है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कुशवाहा 26 वर्ष निवासी घाना बरगी रोड ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी 21 मई 21 को घाना निवासी विकास कुशवाहा के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी। पति शराब पीकर आए दिन मारपीट करता है। उसे अपने साथ न रखने एवं दूसरी शादी करने की कहता है। पिता के घर से पैसे लाने दबाव बना शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। जिससे तंग आकर तीन माह से मायके ग्राम खुलरी तिलवारा में माता पिता के साथ रह रही है।

## नो यूपीआई डे मनेगा, जनसंगठनों ने प्रदर्शन कर की घोषणा

**जबलपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा 2000 रूपए से ज्यादा के यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने से अंतत: बोझ ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। व्यापारी वर्ग विशेषत: छोटे व्यापारियों का भी नुकसान होगा। इस यूपीआई शुल्क प्रणाली से आम नागरिकों में भारी नाराजगी फैली है। अत: 23 सितम्बर को नो यूपीआई डे मनाकर यूपीआई शुल्क का विरोध किया जायेगा। यह घोषणा करते हुये नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन,




सीनियर सिटीजन वेलफेयर संघ, महिला समिति, भारतीय मानव अधिकार क्रांति संगठन, पेंशनर्स समाज के सदस्यों ने घंटाघर के पास प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

डॉ.पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि यह शुल्क लागू होने के बाद डिजीटल लेन-देन में कमी आयेगी। भारत सरकार के कैशलैस इकॉनॉमी नीति को धक्का पहुंचेगा। रेलवे, टेलीकॉम, बीमा, पेट्रोल पम्प पर ईंधन लेने और कृषि इनपुट जैसे जरूरी और कम मुनाफे वाले क्षेत्रों में 2000 रूपए से ज्यादा पेमेंट पर 5 रूपए फिक्स फीस लगेगी। पेट्रोल पर जीएसटी जोड़ने से प्रति ट्रांजेक्शन पर खर्च 5.90 रूपया होगा। इस कारण सभी को नुकसान होगा। प्रदर्शन में एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी. के. रायघटक, सुभाष चन्द्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, डी. के. सिंह, संतोष श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### बेकाबू ई रिक्शा पलटा तीन घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत बरौदा चौराहे कोहना कोहनी रोड के पास बेकाबू ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया है। हादसे में तीन यात्री घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक मोहित ठाकुर 35 वर्ष निवासी शिल्पीनगर भेड़ाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बरौदा चौराहे कोहना कोहनी रोड के पास ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड वाई 7613 के चालक ने वाहन को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये आटो पलटा दिया।

## सीसीआई धारा 27 के तहत अंतिम आदेश करे पारित : हाईकोर्ट

▶ सात शराब कारोबारियों और डिस्टलरीज की याचिकाएं खारिज

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में वर्ष 2016-17 की देशी मदिरा टेंडर प्रक्रिया से जुड़े कथित सिंडीकेट और प्रतिस्पर्धा संबंधी अनियमितताओं के मामले में हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक रूसिया व न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने सात शराब कारोबारियों और डिस्टलरीज की याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

कोर्ट ने पूर्व में लगाई गई रोक हटाते हुए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को जांच पूरी कर प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा 27 के तहत अंतिम आदेश पारित करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने कहा कि संबंधित कंपनियों के पास सीसीआई की कार्रवाई के विरुद्ध राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) में अपील करने का वैधानिक विकल्प उपलब्ध था। ऐसे में सीधे हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं में हस्तक्षेप का आधार नहीं बनता। कोर्ट ने इसी आधार पर सभी सात याचिकाएं खारिज कर दीं। दरअसल मामला वर्ष 2016-17 की देशी मदिरा टेंडर प्रक्रिया में कथित रूप से सिंडीकेट बनाकर हेराफेरी किए जाने के आरोपों से जुड़ा है। कैग रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों के बाद सीसीआई ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान 27 अक्टूबर 2021 को सीसीआई के महानिदेशक की ओर से संबंधित डिस्टलरीज के परिसरों में तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गई थी। अब फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने रोक हटा दी है। सीसीआई को जांच आगे बढ़ाकर पूरी करनी होगी और धारा 27 के तहत अंतिम आदेश पारित करना होगा। याचिकाकर्ताओं में एसोसिएटेड एल्कोहल्स एंड ब्रेवरीज लिमिटेड, ग्रेट गेलिलियन वेंचर्स लिमिटेड, ओएसिस डिस्टलरीज लिमिटेड (इंदौर), बापुना एल्कोब्रू प्राइवेट लिमिटेड और अग्रवाल डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड (ग्वालियर), विंध्याचल डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड (भोपाल) तथा डीसीआर डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड (सागर) शामिल हैं।

## राजभाषा पखवाड़े में गूंजा स्वरचित कविताओं का रंग

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा-2026 के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्वरचित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के संरक्षण और मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता की अध्यक्षता उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने की। रेलकर्मियों ने देशप्रेम, राष्ट्र निर्माण, प्रकृति, मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक सरोकार और हिंदी के महत्व जैसे विषयों पर अपनी रचनाएं भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत कर साहित्यिक प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त प्राचार्य नवीन चतुर्वेदी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर आशा रानी तथा केंद्रीय विद्यालय जबलपुर की उप प्रधानाध्यापक सुनीता केसर शामिल रहीं। निर्णायकों ने कविता पाठ, भावाभिव्यक्ति, उच्चारण, विषयवस्तु और प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी संतलाल मर्सकोले ने किया। राजभाषा पखवाड़े के तहत हो रहे इन आयोजनों का उद्देश्य रेलकर्मियों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है।

### एसबीसी : 14 निर्वाचित, अब 8 प्रत्याशी मैदान में

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की द्वितीय चरण की मतगणना में शनिवार को एलिमिनेशन राउंड का 31 वां दिन पूरा हुआ। प्रत्याशी क्रमांक 71 प्रेम सिंह भदौरिया (ग्वालियर) का एलिमिनेशन पूरा हो गया, जबकि प्रत्याशी क्रमांक 83 राजेश कुमार पांडे (सागर) के एलिमिनेशन की प्रक्रिया शुरू हुई। उनके शेष मतों की गणना आगे होगी। मतगणना के दौरान प्रत्याशी क्रमांक 110 सुनील कुमार मिश्रा (जबलपुर) ने निर्धारित कोटा पार कर लिया। इसके साथ ही उन्हें निर्वाचित माना गया। अब तक कुल 14 प्रत्याशी निर्धारित कोटा पार कर निर्वाचित माने गए हैं। इनमें जबलपुर से सुनील कुमार मिश्रा, मनीष तिवारी, आरके सिंह सैनी व नित्यानंद मिश्रा, इंदौर से राकेश सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार सक्सेना, विवेक सिंह, हितोषी जय हार्डिया व नरेंद्र कुमार जैन, उज्जैन से संदीप मेहता, भोपाल से डा. विजय कुमार चौधरी, रीवा से अखंड प्रताप सिंह व ग्वालियर से जितेंद्र कुमार शर्मा व गौरव मिश्रा शामिल हैं।

बैठक — जिला शिक्षा अधिकारी की तीखी निंदा

## समय पर नहीं आए जिला शिक्षा अधिकारी, किया बैठक का बहिष्कार



**नवभारत, जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर द्वारा शनिवार को जिले के सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों को परामर्शदात्री समिति की बैठक हेतु आमंत्रित किया गया था।

निर्धारित समय पर विभिन्न मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित हुए और जिला शिक्षा अधिकारी के आने की प्रतीक्षा करते रहे। प्रतिनिधियों द्वारा शाम 7 बजे तक, जिला शिक्षा अधिकारी के आने की प्रतीक्षा की गई, लेकिन उनके बैठक में उपस्थित नहीं होने के कारण संगठनों के प्रतिनिधियों में असंतोष व्याप्त हो गया। और फिर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक का बहिष्कार कर दिया गया। शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि परामर्शदात्री समिति की बैठक के निर्णय शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण का मार्ग प्रशस्त करती है। ऐसी महत्वपूर्ण बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति से बैठक की गरिमा एवं उद्देश्य दोनों प्रभावित होते हैं। इसी के विरोध स्वरूप उपस्थित मान्यता प्राप्त संगठनों के प्रतिनिधियों ने बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया तथा जिला शिक्षा अधिकारी की कार्यप्रणाली के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया।

### आगामी सात दिनों के अंदर करें बैठक

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ,मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस, मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ ,मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अटल उपाध्याय, विश्वदीप पटेरिया ,योगेश चौधरी, आशीष तिवारी, मुकेश चतुर्वेदी, सुनील पचौरी, इंद्र पूरी गोस्वामी, मूलचंद अहिरवार, विजय शंकर बाजपेई ने आगामी सात दिवस के अंदर बैठक कार्य दिवस में आयोजित करने की मांग की है। एवं भविष्य में परामर्शदात्री समिति की बैठक निर्धारित समय पर आयोजित की जाए तथा संबंधित अधिकारी स्वयं समस्त संबंधित कर्मचारी उपस्थित होकर समस्याओं के निराकरण में सहयोग की राय दी है।

केवल दवाइयों द्वारा हार्ट का इलाज
बिना एंजियोग्राफी
बिना एंजियोप्लास्टी
बिना बाईपास सर्जरी
बिना भर्ती किये
Google 4.9/5.0
24 वर्षों के अनुभव के साथ
सटीक सलाह से 5 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ
समय 11.00 से 5.00 बजे
स्पंदन हार्ट क्लीनिक
डॉ. अतुल महेरे
हृदय रोग विशेषज्ञ
पता- भंवरताल पार्क तिराहा, नेपियर टाउन, जबलपुर मो.-7805082378


Mr. Solar
महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
सोलर पार्टनर
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे
• विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग
• सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Pls call us on 6267100743, 9644555001
Office : Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur